Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-03-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

>

Title : Need to expedite construction of houses under 'Sainik Awas Nirman Yojna' in Pithoragarh district, Uttaranchal.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : र्वा 2003-04 में रक्षा मंत्रालय द्वारा देश में सैनिकों के लिए आवास योजना बनायी गयी थी। इस योजना में उत्तरांचल प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ में सैनिक आवास हेतु रूपये 114 करोड़ (एक सौ चौदह करोड़) की स्वीकृति दी गयी थी। इस योजना हेतु पिथौरागढ़ में भूमि का चयन करने के साथ साथ विस्तृत आगणन बनाने का कार्य राईटस नामक संस्था को सौंपा गया था। परन्तु उपरोक्त योजना में कोई प्रगति न होने के कारण क्षेत्र की जनता में रोा व्याप्त है।

अतः मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि पिथौरागढ़ जिले के लिए सैनिक आवास निर्माण योजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये।